प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 सितंबर को झारखंड आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने जमशेदपुर में प्रधानमंत्री के सरकारी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। श्री चौहान ने पत्रकारों को बताया कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंदे भारत ट्रेन के साथ राज्य को विकास की कई सौगात देंगे।

****

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने धनबाद के दौरे के बाद कहा कि यहां की स्थिति को उन्होंने बारीकी से देखा है। लोगों की समस्याओं के निदान पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। श्री दुबे ने दावा किया कि झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बाद राज्य की जनता बदलाव का मन बना चुकी है।

****

इधर, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने दावा किया है कि राज्य में फिर झामुमो–कांग्रेस गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलेगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने घोषणा पत्र में जो वादा किया था उससे ज्यादा काम किया है।

****

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज दो दिवसीय दौरे पर रांची आएंगे। वे उत्पाद सिपाही दौड़ में मृत जवानों के परिजनों से मिलने ओरमांझी और नामकुम उनके घर जाएंगे।

****

भारतीय सेना और वायु सेना ने आज लॉजिस्टिक ऑपरेशन में कर्मियों के कौशल और क्षमता निर्माण को बढ़ाने के लिए गति शक्ति विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने बीटेक की छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या करने के जुर्म में जेल में बंद राहुल राज को जमानत देने से इनकार करते हुए उसकी फांसी की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने आज उसकी अपील याचिका खारिज कर दी। राहुल राज को रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ उसने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

****

बोकारो जिले में राज्य सरकार के विद्यालयों में पठन पाठन की हालत खराब है।

****

देवघर में इन दिनों डेंगू का प्रकोप बढ़ गया है। देवघर सदर अस्पताल में हर दिन औसत 8 से 10 डेंगू के मरीज पहुंच रहे हैं हालांकि डेंगू के लिए देवघर सदर अस्पताल पूरी तरह से तैयार है। देवघर अस्पताल के उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रभात रंजन ने बताया कि हर दिन अस्पताल में डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं लेकिन प्लेटलेट जांच के साथ–साथ अन्य दवाईयां देवघर सदर अस्पताल में मौजूद हैं।